दिनांक 26.06.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ छ0ग0 शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए विकास यात्रा का आयोजन तीन चरणों में किया गया है जिसके द्वितीय चरण के तहत् सीधे जनता को लाभान्वित करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत् सामग्री का वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के दुर्गामी सोच का परिणाम है कि भिलाई धुआं रहित शहरों में शामिल होने जा रहा है एक समय था कि जब भिलाई के हर मोहल्ले से उठने वाले धुएं से ऐसा प्रतीत होता था मानों घना बादल छा गया हो लेकिन प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत् आज हर घर में गैस का कनेक्शन दिये जा रहें है मजदुर वर्ग को सायकल, सिलाई मशीन का वितरण किया जा रहा है सबसे बड़ी बात यह है कि आवास विहीन परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् पक्के मकान निर्माण कर दिये जा रहें है । उक्त उदगार छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने सांस्कृतिक भवन वैशाली नगर जोन 02 में आयोजित सामग्री वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किये।

विशिष्ट अतिथि माननीय श्री विद्यारतन भसीन, विधायक वैशाली नगर, ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भिलाई की जनता को एक समय में पानी के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता था लेकिन मंत्री जी एवं सरकार की पहल से भिलाई के लोगों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो इसके लिए अमृत मिशन योजना के अंतर्गत 10 नई पानी टंकी का निर्माण प्रगति पर है जिसके माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों को पानी की समस्या से स्थायी समाधान हो सके ऐसा प्रयास किया जा रहा है जो जल्द ही पूर्ण हो जायेगा।

आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने अपने उदबोधन में कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में पंजीकृत हितग्राहियों को जो परीक्षण के दौरान पात्र पाये गये उन सायकल 393, सिलाई मशीन 55, टूल कीट 77, मजदुर कार्ड 88, राशन कार्ड 41, उज्जवला गैस 339, विकलांगता के आधार पर 7 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड (हरा) प्रदान किया गया तथा पात्रता के आधार पर नवीन राशन कार्ड की सूची (नीला) 08 हितग्राहियों को वितरण किया गया साथ ही शासन द्वारा स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन 26, उपस्वास्थ्य केन्द्र 16, का भूमिपूजन किया गया।

सभा को निगम सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभारी अधिकारी श्री शरद दुबे एवं आभार जोन 02 आयुक्त आर0के0 साहू, कार्यक्रम में जिला प्रशासन के संबंधित विभाग के अधिकारी क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित कार्यक्रम 27 जुन 2018 को अण्डा चौक मंगल भवन खुर्सीपार में दोपहर 12 बजे स्थल पर समस्त सामग्री उपलब्ध रहें ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही संबंधित जोन आयुक्तों को आवश्यक व्यवस्था कराये जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया।

जन सम्पर्क अधिकारी

नगर पालिक निगम भिलाई
शिलान्यास
दिनांक 26 जून 2018
विकास यात्रा - 2018
भूमिपूजन कार्यक्रम
मा. श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय